## शहर के 12 कालेजों में 40 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को अंडर ग्रेजुएट प्रथम सेमेस्टर में मिला प्रवेश

# जून में यूजी के दाखिले, जुलाई में होगी पढ़ाई



### दाखिले के लिए आनलाइन करना होगा आवेदन

सुमेधा ठाकुर • जागरण

चंडीगढ़ : शहर के सरकारी और निजी कालेजों में अंडर ग्रेजुएट प्रथम वर्ष/सेमेस्टर के दाखिला प्रक्रिया जून के पहले सप्ताह से शुरू होगी। 30 मई के करीब दाखिले का प्रोस्पेक्ट्स लांच होने के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन करना होगा। बीए, बीएससी और बीएससी टेक्नोलाजी के लिए कालेज अपने स्तर पर दाखिला करेंगे जबकि बीबीए, बीसीए, बीकाम के लिए दाखिला सेंट्रलाइज होगा।

विद्यार्थियों को 85:15 के अनुपात से मैरिट के आधार पर दाखिला मिलेगा। शहर में 12 कालेज जिनमें 40 हजार से अधिक विद्यार्थियों को साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स और विभिन्न वोकेशनल कोर्सों में प्रवेश दिया जाएगा। पढ़ाई पंजाब यूनिवर्सिटी एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार जुलाई में शुरू होगी। सीबीएसई, पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड, हरियाणा बोर्ड और हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं के परिणाम घोषित होने के बाद चंडीगढ़ उच्चतर शिक्षा विभाग ने दाखिला प्रक्रिया करीब पूरी कर दी है।

### चंडीगढ़ के विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर मिलता है दाखिला

शहर के कालेज में 85 :15 अनुपात के आधार पर किए जाएंगे। कालेज की 85 प्रतिशत सीट चंडीगढ़ के स्कूलों से 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए आरक्षित रहेंगी, जबकि 15 प्रतिशत सीटों पर अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलेगा। प्रोस्पेक्टस तैयार करने की जिम्मेदारी पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज सेक्टर-46 को सौंपी गई है। प्रशासनिक जानकारों की मानें तो दाखिले के लिए प्रोस्पेक्ट्स तैयार कर लिया गया है जो कि आला अधिकारियों की मंजूरी के बाद लांच किया जाएगा।

### इन कालेजों में प्रवेश मिलेगा

1. पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज सेक्टर-11,
2. पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज फॉर गर्ल्स सेक्टर-11,
3. पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज फॉर गर्ल्स सेक्टर-42,
4. गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कामर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर-50,
5. पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज सेक्टर-46
6. गवर्नमेंट होम साइंस कालेज सेक्टर-10,
7. डीएवी कालेज सेक्टर-10,
8. श्री गुरु गोबिंद सिंह कालेज सेक्टर-26,
9. श्री गुरु गोबिंद सिंह कालेज फॉर वूमेन सेक्टर-26
10. जीजीडी एसडी कालेज सेक्टर-32,
11. देव समाज कॉलेज फॉर वुमेन सेक्टर-45
12. एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर वुमेन सेक्टर-36

### 85:15 के अनुपात से मैरिट के आधार पर विद्यार्थी पा सकेंगे दाखिला

### 85 प्रतिशत सीट में से तीन प्रतिशत होंगी ओबीसी के लिए आरक्षित

कालेज दाखिला प्रक्रिया में पहली बार ओबीसी कोटे को आरक्षण देने की पहल की गई है। यह आरक्षण चंडीगढ़ के लिए आरक्षित 85 प्रतिशत सीटों पर दिया जाएगा। जो भी विद्यार्थी चंडीगढ़ से पढ़ा हुआ होगा वह संबंधित अधिकारी से बनाकर ओबीसी आरक्षण प्रमाण पत्र आवेदन के समय जमा करवाएगा जिसके आधार पर उन्हें कालेज की तीन प्रतिशत सीट पर दाखिला दिया जाएगा।

### यह रहेगा दाखिले का पूरा शेड्यूल

बीए को छोड़कर विद्यार्थी उच्चतर शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर दाखिले के लिए आवेदन करेंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर बीबीए, बीसीए और बीकाम के लिए आवेदन होगा। आवेदन के समय विद्यार्थी को कालेज को प्राथमिकता के आधार पर चुनना होगा। प्राथमिकता चुनने के बाद विद्यार्थी को मैरिट के आधार पर कालेज की अलाटमेंट होगी।

| तिथि | समय |
|---|---|
| आनलाइन आवेदन शुरू | 1 जून 2026 सुबह 10 बजे |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 30 जून 2026 |
| आवेदकों के बाद पहली संभावित सूची | 2 जुलाई 2026 शाम पांच बजे |
| यदि कोई त्रुटियां/आपत्तियां रहती हैं तो उसकी रिपोर्टिंग का समय | 4 जुलाई 2026 शाम पांच बजे तक |
| पात्र उम्मीदवारों की संभावित मेरिट सूची | 9 जुलाई 2026 शाम पांच बजे |
| कालेज अलाटमेंट की संभावित सूची | 11 जुलाई 2026 दोपहर दो बजे |

### केंद्रीयकृत आनलाइन काउंसलिंग राउंड

पहला आनलाइन काउंसलिंग राउंड

| श्रेणी | तिथि | समय |
|---|---|---|
| सामान्य श्रेणी (यूटी और नान यूटी पुल) | 14 जुलाई 2026 | सुबह 10 बजे |
| आरक्षित श्रेणियां एवं अतिरिक्त सीटें | 15 जुलाई 2026 | सुबह 10 बजे |
| दूसरी आनलाइन काउंसलिंग: | 17 जुलाई 2026 | सुबह 10 बजे |
| आरक्षित श्रेणियां एवं अतिरिक्त सीटें | 18 जुलाई 2026 | सुबह 10 बजे |

दूसरी काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों पर कालेज स्तर पर 20 जुलाई से दाखिले होंगे।

### कालेज अपने स्तर पर जिन विषयों की एडमिशन करेंगे उनका शेड्यूल

1 जून 2026 सुबह 10 :00 बजे

| | |
|---|---|
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 3 जुलाई 2026 |
| आवेदकों की सूची जारी | 4 जुलाई शाम पांच बजे |
| त्रुटियों/आपत्तियों की रिपोर्टिंग | 7 जुलाई 2026 शाम पांच बजे |
| पात्र उम्मीदवारों की संभावित मेरिट सूची | 11 जुलाई 2026 शाम पांच बजे |
| दाखिले शुरू | 14 जुलाई 2026 सुबह नौ बजे से |

Punjab Kesari 20.5.26



# जून में यू.जी. क्लास के दाखिले, जुलाई में शुरू होगी पढ़ाई, 12 कॉलेजों में 40 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को मिलेगा प्रवेश

## 30 मई को प्रोस्पैक्ट्स लांच होने के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

चंडीगढ़, 19 मई (आशीष): शहर के सरकारी और निजी कालेजों में अंडर ग्रैजुएट प्रथम वर्ष सिमैस्टर के दाखिला प्रक्रिया जून के पहले सप्ताह से शुरू होगी। 30 मई को प्रोस्पैक्ट्स लांच होने के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बी.ए., बी.एससी. और बी.एससी. टैक्नोलाजी के लिए कॉलेज अपने स्तर पर दाखिला करेंगे, जबकि बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.कॉम. के लिए दाखिला सैंट्रलाइज होगा। विद्यार्थियों को 85:15 के अनुपात से मैरिट के आधार पर दाखिला मिलेगा।

शहर में 12 कालेज जिनमें 40 हजार से अधिक विद्यार्थियों को साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स और विभिन्न वोकेशनल कोर्सों में प्रवेश दिया जाएगा। दाखिले के बाद कालेज में पढ़ाई पंजाब यूनिवर्सिटी एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार जुलाई में शुरू होगी, क्योंकि शहर के सभी कालेज पी.यू. से मान्यता प्राप्त है।

सी.बी.एस.ई., पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड, हरियाणा बोर्ड और हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के बाद चंडीगढ़ उच्चतर शिक्षा विभाग ने दाखिला प्रक्रिया करीब पूरी कर दी है, लेकिन कॉलेजों की तरफ से कुछ नए विषयों को शुरू करने की मंजूरी पीयू से मांगी है जिनकी मंजूरी आना बाकी है।

प्रोस्पैक्टस तैयार करने की जिम्मेदारी पोस्ट ग्रैजुएट गवर्नमैंट कॉलेज सैक्टर-46 को सौंपी गई है। प्रशासनिक जानकारों की मानें तो दाखिले के लिए प्रोस्पैक्ट्स तैयार कर लिया गया है जो कि आला अधिकारियों की मंजूरी के बाद लांच किया जाएगा।

### सैंट्रलाइज कोर्स में सीटें

| कॉलेज | बी.कॉम | बी.सी.ए. | बी.बी.ए. | बी.ए. |
|---|---|---|---|---|
| सैक्टर-10 डी.ए.वी., | 280 | 120 | 160 | 1000 |
| सैक्टर-11 पी.जी.जी.सी., | 140 | 120 | 80 | 400 |
| सैक्टर-11 पी.जी.जी.सी.जी., | 140 | 900 | | |
| सैक्टर-26 एस.जी.जी.एस.सी., | 280 | 120 | 80 | 2200 |
| सैक्टर-26 जी.जी.एस.सी., | 280 | 40 | — | 450 |
| सैक्टर-32 जी.जी.डी.एस.डी.सी., | 350 | 120 | 120 | 1050 |
| सैक्टर-32 आर.आई.सी.एम. | 40 | | | |
| सैक्टर-36 एम.सी.एम.डी.ए.वी.सी. | 280 | 80 | 40 | 1000 |
| सैक्टर-42 पी.जी.जी.सी.जी., | 140 | 120 | 600 | |
| देव समाज कॉलेज फॉर वमैन | 140 | 80 | 40 | 400 |
| सैक्टर-46 पी.जी.जी.सी. | 140 | 40 | 40 | 600 |
| सैक्टर-50 गवर्नमैंट कॉलेज फॉर | | | | |
| कामर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन | 140 | 40 | 80 | |

### दाखिले का शैड्यूल

बी.ए. को छोड़कर विद्यार्थी उच्चतर शिक्षा विभाग की वैबसाइट पर दाखिले के लिए आवेदन करेंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग की वैबसाइट पर बी.बी.ए., बी.सी.ए. और बी.काम. के लिए आवेदन होगा। आवेदन के समय विद्यार्थी को कॉलेज को प्राथमिकता के आधार पर चुनना होगा। प्राथमिकता चुनने के बाद विद्यार्थी को मैरिट के आधार पर कॉलेज की अलाटमैंट होगी।

### 85 प्रतिशत सीट में से तीन फीसदी होंगी ओ.बी.सी. के लिए आरक्षित

शहर के कालेज में इस बार दाखिला प्रक्रिया में ओ.बी.सी. कोटे को आरक्षण देने की पहल की गई है। आरक्षण चंडीगढ़ के लिए आरक्षित 85 प्रतिशत सीटों पर दिया जाएगा। जो भी विद्यार्थी चंडीगढ़ से पढ़ा हुआ होगा, वह संबंधित अधिकारी से बनाकर ओबीसी आरक्षण प्रमाण पत्र आवेदन के समय जमा करवाएगा जिसके आधार पर उन्हें कालेज की तीन प्रतिशत सीट पर दाखिला दिया जाएगा।

Amar Ujala 30-5-26

# फिजिकल एजुकेशन कोर्सों में शुरू हुए दाखिले, 9 तक करें आवेदन

## यूनिवर्सिटी में बीपीएड, एमपीएड और पीएचडी के कोर्स हैं उपलब्ध



संवाद न्यूज एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए फिजिकल एजुकेशन विभाग में दाखिले के लिए आवेदन मांगे हैं। यूनिवर्सिटी में बीपीएड, एमपीएड और पीएचडी कोर्सों में एडमिशन दिए जाएंगे।

यूनिवर्सिटी के अनुसार बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) दो साल का कोर्स है, जिसमें 34 सीटें उपलब्ध हैं। इसके अलावा एनआरआई और विदेशी विद्यार्थियों के लिए भी अलग सीटें रखी गई हैं। मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एमपीएड) कोर्स भी दो साल का होगा, जिसमें 28 सीटें हैं।

दोनों कोर्सों में दाखिला पीयू सीईटी (पीजी) परीक्षा और फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट के आधार पर होगा।

विद्यार्थियों को फिजिकल टेस्ट निर्धारित समय में पास करना जरूरी होगा। पीएचडी में दाखिले यूनिवर्सिटी और यूजीसी के नियमों के अनुसार सीटों की उपलब्धता के आधार पर किए जाएंगे। यूनिवर्सिटी ने बताया कि पीयू सीईटी (पीजी) परीक्षा 19, 20 और 21 जून को आयोजित होगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 9 जून रखी गई है।

### एसडी में दूसरे और तीसरे वर्ष के एडमिशन शुरू

चंडीगढ़। सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज में दूसरे और तीसरे वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से एडमिशन फॉर्म भरने की सुविधा दी है। इसके लिए विद्यार्थियों को कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध 'अप्लाई फॉर सेकेंड एंड थर्ड ईयर' लिंक के जरिए ई-फॉर्म भरना होगा। फॉर्म भरने के लिए विद्यार्थियों को अपने कॉलेज आईडी कार्ड पर अंकित रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा। फीस का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यूपीआई और वॉलेट के माध्यम से किया जा सकेगा। इनमें पासपोर्ट साइज फोटो, हस्ताक्षर, मार्कशीट और कोविड वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यार्थियों को जनरेट हुई यूनिक आईडी अथवा अंडरटेकिंग की कॉपी कॉलेज कार्यालय में जमा करवानी होगी। संवाद

अमर उजाला 1-6-26

# एसडी कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर के दाखिले शुरू

## 22 जून तक ऑनलाइन आवेदन का मौका

माई सिटी रिपोर्टर

### एआई, साइबर सिक्योरिटी, डाटा साइंस समेत कई नए कोर्स उपलब्ध

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कॉलेज में विज्ञान, वाणिज्य, कला, कंप्यूटर साइंस, डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और बायोटेक्नोलॉजी समेत विभिन्न विषयों में प्रवेश दिए जा रहे हैं।

कॉलेज प्रबंधन के अनुसार बी.कॉम (ऑनर्स), बीबीए (ऑनर्स) और बीसीए (ऑनर्स) जैसे केंद्रीकृत दाखिला पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 22 जून है। वहीं, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए विद्यार्थी 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

कॉलेज में आधुनिक प्रयोगशालाएं, शोध सुविधाएं, छात्रावास, खेल और नवाचार गतिविधियों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रबंधन का कहना है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास और शोध के बेहतर अवसर भी दिए जाते हैं।

पात्र विद्यार्थियों को पीएम विद्यालक्ष्मी शिक्षा ऋण योजना का लाभ भी मिलेगा। कॉलेज प्रशासन के मुताबिक हर वर्ष कई प्रतिष्ठित आईटी, बैंकिंग और कंसल्टिंग कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट में हिस्सा लेती हैं, जिससे विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं।

कॉलेज प्रशासन ने इच्छुक विद्यार्थियों से समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।